Regarding Navodaya schools

श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ (राजसमन्द) : सभापति महोदय जी, आपने मुझे अपने क्षेत्र के बारे में बोलने के लिए अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

सर, मैं राजसमन्द से आती हूँ । मैं अपने राजसमन्द परिवार से यह बोलना चाहती हूँ कि मैं उनकी आवाज़ हमेशा यहां तक पहुंचाऊंगी और मैं शिक्षा के क्षेत्र पर बोलना चाहती हूँ । शिक्षा सबसे बड़ा दान होता है । प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में एजुकेशन को बहुत प्रायोरिटी दी जा रही है और हमारे एजुकेशन मिनिस्टर धर्मेंद्र प्रधान जी ने भी हमारे क्षेत्र के लिए और पूरे राष्ट्र के लिए एजुकशन के क्षेत्र में बहुत काम किया है । मेरे संसदीय क्षेत्र राजसमन्द राजस्थान के अंतर्गत आने वाला ब्यावर जिला, नवगठित जिला है, जो अजमेर जिले से अलग हो कर बना है । नया जिला बन जाने के बाद भी अभी तक ब्यावर जिले में नवोदर विद्यालय का निर्माण नहीं हो सका है । अभी भी बच्चों की पढ़ाई के लिए नसीराबाद, अजमेर जाना पड़ता है । ब्यावर में नवोदय विद्यालय बन जाने से बच्चों को शिक्षा मिल सकेगी और उनका भविष्य भी अच्छा होगा । मैं यही मांग करना चाहती हूँ कि हमारे ब्यावर क्षेत्र में नवोदय विद्यालय का निर्माण किया जाए ।